Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : 2995/ M-8 / 64 दिनांक : 16/06/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः दिनांक 25.05.2026 को अमर उजाला न्यूज पर प्रकाशित खबर की निस्तारण आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 16.06.2026 के अंक मे प्रकाशित खबर ''टंकियां बनीं, पाइप बिछे... फिर भी पानी को तरसे'' के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्नानुसार है :–

| बिन्दु | आख्या |
|---|---|
| सिराथू ब्लॉक के कैनी गांव में तीन साल पहले बनी टंकी से तेजवापुर, छत्तूपुर, लोहारपुर, मलकिया, कोड़र, चकिया और भगौता तक पाइपलाइन नहीं पहुंची है। कौशाम्बी ब्लॉक के मकदूमपुर ढोकसहा और मूरतगंज के काजीपुर गांव में भी टंकियां बनने के वर्षों बाद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। कई जगह पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें धंस गई हैं, जिससे बरसात के दौरान आवागमन में समस्या हो रही है। | सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड– सिराथू के ग्राम पंचायत– कैनी में पेयजल योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 1 नग उच्च जलाशय, 18.304 किमी0 पाइप लाइन व 920 नग हाउस कनेक्शन का कार्य प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण, उच्च जलाशय का कार्य 95 प्रतिशत तथा 17.500 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 767 नग हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा चुका है। पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त न होने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी है। वर्तमान में पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। योजना के समस्त निर्माण कार्य 31.03.2027 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है, जिसे समयान्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेगें।<br>विकास खण्ड– कौशाम्बी के ग्राम पंचायत– मकदूमपुर ढोकसहा में पेयजल योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 1 नग उच्च जलाशय, 16.224 किमी0 पाइप लाइन व 983 नग हाउस कनेक्शन का कार्य प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण, उच्च जलाशय का कार्य 95 प्रतिशत तथा 14.781 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 841 नग हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा चुका है। पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु केन्द्रांश की धनराशि प्राप्त न होने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी है। वर्तमान में योजना से आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। योजना के शेष निर्माण कार्य प्रगति पर है। योजना के समस्त निर्माण कार्य 31.03.2027 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है, जिसे समयान्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेगें। |

CS CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | इसी प्रकार विकास खण्ड– मूरतगंज के ग्राम पंचायत– काजीपुर में पेयजल योजना निर्मित की गयी है। योजनान्तर्गत नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, उच्च जलाशय तथा 9.719 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 494 नग हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा चुका है तथा वर्तमान में योजना से जलापूर्ति की जा रही है। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।


प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
4. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

CS CamScanner

Scanned with OKEN Scanner



















Scanned with OKEN Scanner